मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-29
09/01/2023

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में सारण जिले में विकास योजनाओं का लिया जायजा, समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

पटना, 09 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 'समाधान यात्रा' के क्रम में सारण जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया।

यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री दरियापुर प्रखंड की सज्जनपुर मटिहान पंचायत के भैरोपुर–मानपुर गांव पहुंचे और वहां लोगों की समस्याएं सुनीं और समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। भैरोपुर–मानपुर में अनुसूचित जाति–जनजाति उद्यमी योजना के तहत शुरू किए गए रागिनी शू हाऊस का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया और वहां के निर्मित उत्पादों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने वहां जीविका दीदियों से मुलाकात की और स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाए गए विभिन्न उत्पादों का निरीक्षण किया। उन्होंने सतत् जीविकोपार्जन योजना के तहत 90 परिवारों को 12 लाख 23 हजार 950 रुपये का चेक सौंपा। जीविका दीदियों ने प्रतीक चिह्न भेंटकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। साथ ही जीविका दीदियों ने अपने द्वारा तैयार किए गए उत्पाद को भी मुख्यमंत्री को भेंट किया। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जीविका से जुड़ने के बाद हमलोगों के जीवन में काफी बदलाव आया है और अब हमलोगों का परिवार खुशहाल है। ये सब आपकी कृपा से हुआ है।

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देश देते हुये कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ सभी को मिले। कोई भी इससे वंचित न रहे। इसपर विशेष ध्यान दें। उन्होंने जिलाधिकारी से कहा कि जीविका दीदियों से मिलते रहिए। उनकी समस्याओं को सुनिए और उनके सुझाव पर भी ध्यान दीजिए। जीविका दीदियों के लिए और बेहतर क्या हो सकता है, इसपर भी काम कीजिए। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बिहार महादलित विकास मिशन से जुड़े लोगों से मुलाकात की और उन्हें समाज सुधार अभियान तथा बाल विवाह एवं दहेज प्रथा के खिलाफ अभियान चलाते रहने को कहा। साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके प्रति लोगों को भी जागरूक करते रहिए।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, छपरा के कार्यों का जायजा लिया। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य सह पथ निर्माण श्री प्रत्यय अमृत ने मुख्यमंत्री को यहां हो रहे निर्माण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने लाइब्रेरी, ऑडिटोरियम, प्ले ग्राउंड और गर्ल्स व ब्वॉयज हॉस्टल आदि के निर्माण के संबंध में भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इसका निर्माण जल्द पूरा कराएं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ–साथ लड़के–लड़कियों के लिए खेलकूद की भी व्यवस्था करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मेडिकल कॉलेज के पास ही इंजीनियरिंग कॉलेज और जे0पी0 यूनिवर्सिटी भी है। इन सभी की आपस में कनेक्टिविटी बेहतर हो, इसका भी ख्याल रखें।

इसके पश्चात् जिला अतिथि गृह, छपरा में मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा और उन्हें नववर्ष की बधाई दी। वहां उपस्थित लोगों ने भी फूल–माला, अंगवस्त्र और प्रतीक चिह्न भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री वहां मौजूद लोगों की समस्याओं से भी अवगत हुए तथा समाधान के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

इसके पश्चात् पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जीविका दीदी बहुत अच्छा काम कर रही हैं। जिस प्रकार से हमलोगों ने जीविका समूह का गठन किया उसका लाभ सबको मिल रहा है। आज जीविका दीदियां सभी प्रकार के काम को अंजाम दे रही हैं। जिनको जिस काम में रूचि है, वही काम कर रही हैं। एक बच्ची की कम उम्र में ही शादी हो रही थी, जिसे इनलोगों ने रुकवाया। अपने अगल–बगल के लोगों को भी जीविका दीदियां जागरूक कर रही हैं। लोगों में अब जागृति आ रही है। लड़कियां कम उम्र में शादी नहीं करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही हैं, उसको देखने हम यहां आये हैं। जो हो रहा है वो ठीक है लेकिन आगे और किया जाना जरुरी है, उसको जानने के लिए हमलोग घूम रहे हैं। हमारी यात्रा का यही मकसद है। हमलोग सभी की बातों को सुन रहे हैं। लोगों की समस्याओं संबंध में जो रिपोर्ट आयेगी उसके आधार पर सरकार निर्णय भी लेगी। आगे के लिए जो कुछ भी करना जरूरी होगा उसे हमलोग जरूर करेंगे। उन्होंने कहा कि चाहे तापमान 4 डिग्री सेल्सियस रहे या फिर 44 डिग्री सेल्सियस, हम हमेशा घूमते रहे हैं। मीडियाकर्मियों से भी मुख्यमंत्री ने कहा कि ठंड में तो हम घूम ही रहे हैं जो काम किया जा रहा है, उसे आपलोग भी दिखाईये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग चाहते हैं कि राज्य में इंजीनियरिंग कॉलेज और मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य ठीक ढंग से हो। यहां पर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण कार्य बेहतर ढंग से कराया जा रहा है ताकि छात्रों की पढ़ाई के साथ–साथ लोगों का ट्रीटमेंट भी ठीक ढंग से हो सके। इसका निर्माण कार्य 6 महीने के अंदर पूरा हो जायेगा। जब यह बनकर तैयार हो जायेगा तो इसकी शुरुआत करने हमलोग फिर से यहां आयेंगे। आज इसे देखने के लिए हमलोग आये हैं। हमलोग चाहते हैं कि यह मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पीटल जल्द बन कर तैयार हो जाये। इसको लेकर प्रोफेसर एवं अन्य स्टॉफ की नियुक्ति कर ली जाये ताकि यहां पढने वाले लड़के–लड़कियों को पढाई में सुविधा हो, साथ ही लोगों के इलाज में भी सहूलियत हो। हमलोग चाहते हैं कि किसी को मजबूरी में इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़े। इस मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पीटल को फोरलेन से जोड़ा जा रहा है। रेलवे लाइन से भी अंडरपास के द्वारा इसे जोड़ दिया जायेगा ताकि यहां आने–जाने में किसी को कोई दिक्कत नहीं हो। यहां पर लड़के एवं लड़कियों के लिए हॉस्टल का भी निर्माण कराया जा रहा है। अधिकारियों ने हमें आश्वस्त किया है कि इसका निर्माण कार्य 6 महीने के अंदर पूरा कर लिया जायेगा। सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज के निर्माण की योजना है लेकिन अभी जितने जिलों के लिए पहले तय किया गया है उसको पहले पूरा करना है। हमलोग चाहते हैं कि कम से कम एक–दो छोटे–छोटे जिलों को मिलाकर भी एक मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराया जाये ताकि लोगों को ट्रीटमेंट में सुविधा हो। हमलोगों ने मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज में लड़कियों के लिए एक तिहाई आरक्षण का प्रावधान कर दिया है। अब लड़कियां काफी तादाद में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर सकेंगी।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, विज्ञान एवं प्रावैधिकी मंत्री सह सारण जिले के प्रभारी मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह, अल्पसंख्यक कल्याण

मंत्री मोहम्मद जमां खान, कला संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री श्री जितेंद्र कुमार राय, श्रम संसाधन मंत्री श्री सुरेंद्र राम सहित सारण जिले के विधायकगण/विधान पार्षदगण, अन्य प्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्टी, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य सह पथ निर्माण श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री बालामुरुगन डी, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के सचिव श्री देवेश सेहरा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जीविका सह मिशन निदेशक जल–जीवन–हरियाली अभियान श्री राहुल कुमार, बिहार राज्य चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री दिनेश कुमार, आयुक्त सारण प्रमंडल श्रीमती पूनम, पुलिस उपमहानिरीक्षक सारण रेंज श्री विकास कुमार, जिलाधिकारी छपरा श्री राजेश मीणा, पुलिस अधीक्षक छपरा, श्री गौरव मंगला सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******